जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/282 **दिनांक : 09.03.2020**

// अत्यावश्यक //

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय अग्रणी महाविद्यालय,
जिला - ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं दतिया
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 के सफल संचालन एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु आपके अधीनस्थ जिले के परीक्षा केन्द्रों पर आपके महाविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा किए जा रहे सतत् निरीक्षण की रिर्पोट प्रतिदिन विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 के सफल संचालन एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु आपके अधीनस्थ जिले के परीक्षा केन्द्रों पर आपके महाविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा किए जा रहे सतत् निरीक्षण की रिर्पोट प्रतिदिन विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं की जा रही है। जिससे अंचल में चल रही परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हो पा रही है।

यदि आपको उड़नदस्ता दल के संचालन में कोई व्यवधान आ रहा है तो विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित करें। इस हेतु अग्रिम राशि प्राप्त करने हेतु भी विश्वविद्यालय से पत्र व्यवहार किया जा सकता है।

अतः आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा किए जा रहे सतत् निरीक्षण की रिर्पोट प्रतिदिन विश्वविद्यालय की ई-मेल आई.डी. jiwajigwalior@yahoo.co.in एवं gwaliorjiwaji@gmail.com पर आवश्यक रूप से प्रेषित करें।

परीक्षा अत्यावश्यक अधिनियम एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप पालनार्थ एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप- कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विपिन पत्र